दिन–शनिवार                                                    दिनांक– 04 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                        अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता जनसभाएं तथा रोड़ शो कर रहे हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दरभंगा के राज मैदान में पार्टी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए दाखिल एक सौ तीन नामांकन पत्रों की जांच आज की जायेगी।

04. और, प्रदेश के मौसम में आज से बदलाव की सम्भावना। मौसम विभाग ने कहा– अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियां और कटिहार समेत आस–पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार।

---

लोकसभा चुनाव के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों की ओर से प्रचार अभियान जोर–शोर से जारी है। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता मतदाताओं को अपने पक्ष में गोलबंद करने के लिए जनसभाएं, रोड़ शो और जनसंपर्क कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दरभंगा में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। श्री मोदी राज मैदान में आयोजित सभा में निवर्तमान सांसद और पार्टी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुये सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री मुंगेर लोकसभा क्षेत्र के हवेलीखड़गपुर प्रखंड के खंड बिहारी में भी चुनावी सभा करेंगे। वहीं, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज गोपालगंज, मोतिहारी, मधेपुरा, अररिया और सुपौल लोकसभा क्षेत्र में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। वामपंथी दल के नेता भी अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इधर, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह छह मई को उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र में एनडीए प्रत्याशी और निवर्तमान सांसद नित्यानंद राय के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

---

लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के मतदान के लिए प्रचार का शोर कल थम जाएगा। इस चरण के तहत सात मई को राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों– झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में मतदान होगा। इस चरण में कुल चौवन उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। सुपौल संसदीय क्षेत्र में सबसे अधिक पंद्रह उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, खगड़िया संसदीय क्षेत्र में बारह, झंझारपुर में दस, अररिया में नौ और मधेपुरा में आठ उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए नामांकन पत्रों की आज जांच की जायेगी। उम्मीदवार छह मई तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इस चरण के तहत सीतामढ़ी, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, सारण और हाजीपुर लोकसभा क्षेत्रों में बीस मई को मतदान होना है। चुनाव आयोग के अनुसार पांचवें चरण के लिए एक सौ तीन नामांकन पत्र भरे गये हैं। कल नामांकन के अंतिम दिन मुजफ्फरपुर में बारह, सीतामढ़ी में छह, हाजीपुर में पांच, मधुबनी में तीन और सारण में एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है।

---

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया जारी है। आज गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र से एनडीए के प्रत्याशी आलोक कुमार सुमन, सीवान से विजयालक्ष्मी देवी और महाराजगंज से जर्नादन सिंह सिग्रीवाल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

---

झंझारपुर लोकसभा क्षेत्र में तीसरे चरण के तहत सात मई को होने वाले मतदान के मद्देनजर भारत–नेपाल रेल सेवा तीन दिन के लिए बंद कर दी गयी है। रेलवे के अधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर नेपाल रेलवे ने आज मध्य रात्रि से सात मई तक ट्रेन का परिचालन बंद करने का निर्णय लिया है। आठ मई से रेलगाड़ियों का परिचालन फिर से शुरू हो जायेगा।

---

निर्वाचन आयोग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी उम्मीदवारों को समय पर नो ड्यूज सर्टिफिकेट यानी कोई बकाया नहीं का प्रमाण पत्र जारी करें और उम्मीदवार उसे अपने हलफनामों में शामिल करें। मुख्य सचिवों को लिखे पत्र में निर्वाचन आयोग ने सभी उम्मीदवारों के लिए शपथ पत्र के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने के महत्व पर जोर दिया। आयोग ने कहा कि हलफनामा किसी भी कॉलम को खाली छोड़े बिना पूरी तरह से भरा जाना चाहिए। यह

भी निर्देश दिया गया है कि संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन करने की अंतिम तिथि को दोपहर तीन बजे तक शपथ पत्र के साथ रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष कोई बकाया नहीं होने का प्रमाण पत्र जमा करना होगा। चुनाव आयोग ने कहा कि यदि उम्मीदवार नो ड्यूज सर्टिफिकेट पेश करने में विफल रहता है तो यह नामांकन की जांच के समय उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ जाएगा।

---

और आइये अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात मुजफ्फरपुर लोकसभा सीट की। मुजफ्फरपुर बिहार के उन पांच संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां पांचवें चरण में बीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

———बाईट———

शाही लीची के लिए विश्व प्रसिद्ध मुजफ्फरपुर, कभी कांग्रेस की राजनीति का गढ़ हुआ करता था। बदलते समय के साथ इस क्षेत्र ने समाजवादी और साम्यवादी विचारधारा को भी अपनाया। वर्तमान में यह क्षेत्र एन डी ए का मजबूत किला माना जाता है। प्रखर समाजवादी नेता जॉर्ज फर्नांडिस ने पांच बार इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था।पिछले चार लोकसभा चुनावों से यहां जद यू और भाजपा का कब्जा रहा है। वर्ष 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में इस सीट पर भाजपा के अजय निषाद को जीत मिली। लेकिन इस बार पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया। इससे नाराज होकर अजय निषाद कांग्रेस में शामिल हो गए। इस लोकसभा चुनाव में वे इंडी गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में हैं। वहीं एन डी ए से भाजपा ने राज भूषण चौधरी निषाद को चुनाव मैदान में उतारा है। यहां यह बात काफी दिलचस्प है कि पिछले लोकसभा चुनाव में भी इन्हीं दोनों के बीच मुकाबला हुआ था। लेकिन दोनों के दल अलग – अलग थे। बहरहाल इस बार भी मुकाबला इन्ही दोनों प्रत्याशियों के बीच माना जा रहा है। विधानसभा वार शक्ति संतुलन देखें तो एन डी ए और इंडी गठबंधन दोनों ही बराबरी की स्थिति में है। दोनों ही गठबंधन के पास तीन – तीन सीटें है। दो विधानसभा सीटों– औराई और कुढ़नी पर भाजपा जबकि सकरा सीट पर जद यू का कब्जा है। इसके अलावा दो सीटों– गायघाट और बोचहां पर राजद के और मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के विधायक हैं। इस क्षेत्र में रोजमर्रा की परेशानियों से जूझ रहे स्थानीय लोगों के लिए स्मार्ट सिटी का काम पूरा नहीं हो पाना एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है। शाही लीची के प्रसंस्करण के लिए वृहत पैमाने पर उद्योग की स्थापना की बात भी अब तक बयानों में ही सिमटी है। मुजफ्फरपुर का लहठी उद्योग भी जयपुरिया लहठी के सामने दम तोड़ने लगा है। ऐसे में ये देखना काफी दिलचस्प होगा कि मतदाता स्थानीय मुद्दों को लेकर गोलबंद होते हैं या फिर उनकी दिलचस्पी राष्ट्रीय मुद्दों के प्रति अधिक है। आकाशवाणी समाचार के लिए मुजफ्फरपुर से कौशल किशोर कौशिक।

---

लोकसभा चुनाव कार्य में लापरवाही बरतने के मामले में बेगूसराय निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी रोशन कुशवाहा ने उनतीस कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिये है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि मतदान प्रशिक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने के कारण इन कर्मियों के खिलाफ यह कार्रवाई की गयी है।

---

राज्य में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए विभिन्न जिलों में स्वीप कोषांग के तहत जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में कैमूर जिले के विभिन्न प्रखंडों में हर घर दस्तक अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। वहीं, जहानाबाद जिले के मोदनगंज प्रखंड में जीविका दीदियों द्वारा कैंडल मार्च

निकालकर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। अरवल जिले में भी शिक्षा विभाग ने विभिन्न विद्यालयों के पोषण क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया।

---

मौसम विभाग के अनुसार आज से प्रदेश के मौसम में बदलाव की सम्भावना है। विभाग के अनुसार आज सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां और किटहार जिले में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार हैं। इसके बाद कल से पूरे राज्य में अच्छी बारिश का पूर्वानुमान है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक एस.के. पटेल ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते मौसम के रूख में बदलाव की सम्भावना बनी है।

———बाईट———

इधर, विभाग ने आज शेखुपरा और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर लू की चेतावनी जारी की है। वहीं, किशनगंज को छोड़कर शेष स्थानों पर गर्म दिवस रहने का पूर्वानुमान है। दूसरी तरफ पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की कमी दर्ज की गयी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, राजधानी पटना का अधिकतम तापमान उनतालीस दशमलव सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

---

कैमूर जिले में भीषण गर्मी और लू को देखते हुये समाज कल्याण विभाग ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन समय में परिवर्तन किया है। अब जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का संचालन सुबह सात बजे से दस बजे तक होगा।

---

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य के विश्वविद्यालयों के बैंक खातों को फ्रीज करने के शिक्षा विभाग के आदेश पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। न्यायाधीश अंजनी कुमार शरण की एकल पीठ ने विश्वविद्यालयों की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुये यह निर्णय दिया है। न्यायालय ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव के.के. पाठक को छह मई को सभी विश्वविद्यालय के अधिकारियों के साथ बैठक करने का भी निर्देश दिया है। अदालत ने निर्देश में कहा है कि बैठक की अध्यक्षता कोई नहीं करेगा। हालांकि कोर्ट के आदेश के अनुसार राज्य के मुख्य सचिव के उपलब्ध रहने पर वे बैठक की अध्यक्षता कर सकते हैं। इस बैठक की पूरी कार्यवाही की वीडियोग्राफी भी करवाई जायेगी। मामले की अगली सुनवाई सत्रह मई को होगी।

---

मैट्रिक की विशेष और कम्पार्टमेंटल परीक्षा आज से शुरू हो रही है। परीक्षा के लिए राज्यभर में एक सौ उन्नीस केन्द्र बनाये गये हैं, जिसमें तिरेपन हजार पांच सौ पाच परीक्षार्थी शामिल होंगे। पटना जिले में दो हजार एक सौ चौरासी परीक्षार्थियों के लिए छह परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किये हैं। इसके अनुसार परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से तीस मिनट पहले परीक्षा स्थल पर पहुंचना अनिवार्य होगा। परीक्षा ग्यारह मई तक चलेगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– राहुल ने अमेठी छोड़ी, रायबरेली से लड़ेंगे।

दैनिक जागरण ने चुनाव से संबंधित सुप्रीम कोर्ट के एक निर्णय को बड़ी खबर बनाया है। अखबार लिखता है– चुनाव में एक जैसे नाम वाले उम्मीदवारों पर रोक नहीं।

दैनिक भास्कर की बड़ी खबर है– केजरीवाल की जमानत अर्जी पर विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट। ईडी को जारी किया नोटिस, सुनवाई सात मई को होगी।

प्रभात खबर ने राजधानी पटना में चिकित्सक दल के बड़े कारनामें से जुड़ी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– कोहनी और कलाई के बीच से कटे हाथ को डॉक्टरों ने जोड़ा।

आज अखबार लिखता है– शिक्षा विभाग में कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति रद्द। चौबीस घंटे में मूल पदस्थापन वाले कार्यालय में योगदान का निर्देश।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जोरों पर। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता जनसभाएं तथा रोड़ शो कर रहे हैं।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दरभंगा के राज मैदान में पार्टी प्रत्याशी गोपालजी ठाकुर के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

03. लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए दाखिल एक सौ तीन नामांकन पत्रों की जांच आज की जायेगी।

04. और, प्रदेश के मौसम में आज से बदलाव की सम्भावना। मौसम विभाग ने कहा– अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियां और कटिहार समेत आस–पास के क्षेत्रों में हल्की बारिश के आसार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।